हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 77 | हल्द्वानी (नैनीताल) बुधवार 28 जनवरी 2026 | मूल्य रू 2 | पृष्ठ : 8

## 77वाँ गणतंत्र दिवस राष्ट्रभक्ति, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया

लालकुआँ संवाददाता.। नैनीताल आँचल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड में 26 जनवरी 2026 को 77वाँ गणतंत्र दिवस राष्ट्रभक्ति, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संघ के प्रशासनिक भवन प्रांगण में अध्यक्ष मुकेश बोरा द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ।

गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर कार्यक्रम उस समय और अधिक आत्मीय बन गया, जब दुग्ध संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि सानू का जन्मदिन भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मुकेश बोरा ने प्रतिनिधि सानू एवं दैनिक समाचार पत्र के व्यूरो चीफ को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा केक कटवाकर जन्मदिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर किसी सहयोगी का जन्मदिन मनाया जाना गर्व और प्रसन्नता का विषय है। यह दिवस हमें कर्तव्य, समर्पण और सेवा भाव की प्रेरणा देता है। मुकेशबोरा बोरा ने सम्बोधन में उपस्थित जनसमूह में कहा मेरे प्रतिनिधि के साथ -साथ पत्रकार सानू पोर्टल के सम्पादक व समाचार




पत्र के व्यूरो चीफ एवं उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के मीडिया प्रभारी भी है ।इसी क्रम में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ के ततपश्चात प्रेस क्लब अध्यक्ष बी.सी. भट्ट द्वारा प्रेस क्लब परिसर में भी केक कटवाकर जन्मदिवस को यादगार बनाया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन संगठन में आपसी भाईचारे, सहयोग एवं सकारात्मक वातावरण को सुदृढ़ करते हैं तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करते हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष मुकेश बोरा ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किए जाने की घोषणा पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल श्री कोश्यारी के दीर्घ सार्वजनिक जीवन का सम्मान है, बल्कि समस्त उत्तराखंड के लिए गौरव, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक भी है। श्री बोरा ने भगत सिंह कोश्यारी को शुभकामनाएं दी ।उन्होंने जानकारी दी कि इस अवसर पर आँचल दुग्ध संघ से संबद्ध 692 दुग्ध समितियों एवं 5 दुग्ध अवशीतन केंद्रों में भी गणतंत्र दिवस राष्ट्रभक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। साथ ही कर्मचारियों के हित में ₹1500 की प्रोत्साहन राशि 1 जनवरी से लागू किए जाने की घोषणा भी की गई, जिससे कर्मचारियों में हर्ष का वातावरण देखने को मिला। सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा ने गणतंत्र दिवस को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान का प्रतीक बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। वहीं प्रशासन/विपणन प्रभारी संजय सिंह भाकुनी ने भारतीय संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन किया।

दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेशबोरा , सामान्य प्रबंधक अनुराग शर्मा एवं प्रशासन/विपणन प्रभारी संजय सिंह भाकुनी ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में संचालक मंडल सदस्य दीपा रैकवाल, गोविन्द सिंह मेहता, वित्त प्रभारी उमेश पठालनी, पी एंड आई प्रभारी सुभाष बाबू, कारखाना प्रबंधक धर्मेंद्र राणा, प्रभारी स्टोर खलील अहमद, प्रभारी इंजीनियरिंग राजू दुमका, प्रभारी लैब रमेश आर्या, प्रभारी उत्पादन उमेश राणा, प्रधान सहायक युगल किशोर, डॉ. रमेश मेहता, प्रभारी एमआईएस कमलेश कुमार, सुरेश चंद्र, विजय चौहान, रश्मि धामी , अवर अभियंता दिनेश कुलौरा , राजू रैकवाल , लाल सिंह बिष्ट सहित दुग्ध संघ के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 2.34 लाख के गांजे के साथ बाइक सवार तस्कर दबोचा, बाइक सीज

अल्मोड़ा संवाददाता. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा के निर्देशन में जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भतरौजखान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 9.358 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब दो लाख 33 हजार 950 रुपये बताई जा रही है। सोमवार शाम चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने आईएमपीसीएल फैक्ट्री मोहान के पास वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 एम 2075 को रोका। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल सवार युवक के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गांजा बाजपुर की ओर ले जा रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पुष्पेन्द्र (24 वर्ष), पुत्र चन्द्र पाल सिंह, निवासी वार्ड संख्या 9 मजरा बक्श, थाना बाजपुर, जिला ऊधमसिंह नगर, हाल निवासी काली माता मंदिर के पास बन्नाखेड़ा, थाना बाजपुर, जिला ऊधमसिंह नगर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना भतरौजखान में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी सीज कर दिया है।

### मेरा युवा भारत देहरादून द्वारा ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी में मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में पदयात्रा का आयोजन किया

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में मेरा युवा भारत देहरादून द्वारा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (एससीईआरटी) में पांच दिवसीय अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के द्वितीय व तृतीय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में मेरा युवा भारत देहरादून द्वारा ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी में मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में पदयात्रा का आयोजन किया गया जिसमें सभी 37 प्रतिभागियों द्वारा लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। तथा इस दिन उनको ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी का भ्रमण भी कराया गया । इसके पश्चात आंचलिक विज्ञान केंद्र देहरादून में सभी युवा प्रतिभागियों द्वारा भ्रमण कर ए आई, टेक्नोलॉजी, सामान्य विज्ञान के विषय में जानकारी प्राप्त की गई। कार्यक्रम के तृतीय दिवस में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम झंडा रोहण कर राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत गया गया। इसके पश्चात सत्रों को प्रारंभ किया गया जिसमें प्रात: सत्र में प्रशिक्षक के रूप में आए डॉ अवधेश शर्मा ने युवा प्रतिभागियों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम में उनके अपने अनुभव साझा किए ।



### केंद्र सरकार द्वारा संचालित यह मिशन ग्रामीण भारत के आर्थिक और सामाजिक उत्थान की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं परिवर्तनकारी पहल

हल्द्वानी संवाददाता. पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं सांसद नैनीताल अजय भट्ट ने हल्द्वानी के मुखानी मंडल अंतर्गत हिम्मतपुर बैजनाथ तथा गोलापार मंडल के कुंवरपुर में 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक्ट – VB&G RAM G* के जनजागरण अभियान के तहत आयोजित किसान श्रमिक चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीण भाई-बहनों, मेहनतकश श्रमिकों एवं ऊर्जावान युवाओं के साथ आत्मीय संवाद स्थापित किया।इस अवसर पर सांसद श्री अजय भट्ट जी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित यह मिशन ग्रामीण भारत के आर्थिक और सामाजिक उत्थान की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं परिवर्तनकारी पहल है। उन्होंने कहा कि यह योजना गांवों को केवल सरकारी सहायता पर निर्भर रखने की सोच से आगे बढ़ाकर स्थायी रोजगार, आत्मनिर्भर आजीविका और आर्थिक सशक्तिकरण का सुदृढ़ ढांचा तैयार कर रही है।श्री भट्ट ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि टठ-ळ तड ळ मिशन का उद्देश्य किसानों, श्रमिकों और युवाओं को स्थानीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराकर पलायन रोकना तथा गांवों को विकास की मुख्यधारा में लाना है। उन्होंने उपस्थित युवाओं से आहवान किया कि वे सरकार की योजनाओं से जुड़कर स्वयं भी आगे बढ़ें और क्षेत्र के विकास में भागीदार बनें। श्री भट्ट ने कहा कि यह मिशन वास्तव में "विकसित भारत" के संकल्प को जमीनी स्तर पर साकार करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है, जो ग्रामीण समाज के भविष्य को नई दिशा देने का कार्य करेगा।कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

## 25 वर्षों के भारत चि; की असलियत

इक्कीसवीं सदी के पहले पच्चीस वर्ष। ये ढाई दशक मानवता की अमूल्य, अविस्मरणीय अवधि के थे। इसमें मनुष्य के हाथों मनुष्य-समतुल्य कृत्रिम बुद्धि (एआई) बनी तो अंतरिक्ष-ब्रह्माण्ड को भेदने का इंफ्रास्ट्रक्चर भी बना। तब पृथ्वी के सर्वाधिक आबादी वाले भारत में क्या बना? भीड़ और उसकी आवाजाही या कनेक्टिविटी का इंफ्रास्ट्रक्चर। फिर उसी से फैला बाजार! ध्यान रहे बीसवीं सदी के आखघ्रि दशक में पीवी नरसिंह राव नाम का प्रधानमंत्री भारत को प्राप्त हुआ था। वह बुद्धि और दृष्टि लिए हुए था। सो, उन्होंने नौकरशाहों के समाजवाद (पूंजी, कोटा-परमिट) से भारत को मुक्त कराया। मंत्रालयों में पूंजी, उद्यम, पुरुषार्थ के चक्कर खत्म (घटाए) कराए। उन दिनों चीन में देंग शियाओ पिंग ने जहां देशी-विदेशी पूंजी, शिक्षा-ट्रेनिंग, मेहनत से देश को गढ़ने में इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण को धार दी थी तो नरसिंह राव-मनमोहन सिंह ने भी भारत में अवसर खोले थे।राव सरकार ने बतौर मानव संसाधन लोगों को समर्थ बनाने के फैसले लिए। हालांकि उनसे पहले वीपी सिंह ने मंडल-मस्जिद में समाज को भीड़ बनाने के विषाणु फैला दिए थे। तभी लालू यादव, मुलायम सिंह, लालकृष्ण आडवाणी की आरक्षण, धर्म की आग फैली थी। उसी का असर था जो इक्कीसवीं सदी की मिलेनियम पीढ़ी की दिशा बिगड़ी। नौजवान या तो आईटी क्षेत्र के बैक-ऑफिस, कुलीगिरी की तरफ दौड़े या आरक्षण की भूख में अंधे होकर सरकारी नौकरी की माया में भटके। मेरा मानना है समाज के भटकने के संग अर्धसाक्षरता की शिक्षा का अटल बिहारी वाजपेयी-डॉ. मुरली मनोहर जोशी का सर्व शिक्षा अभियान वह दूसरा मोड़ था, जिससे पहली कक्षा से बारहवीं तक की शिक्षा से मिलेनियम पीढ़ी की बरबादी बनी।सरकारी स्कूलों का भ;ा बैठा। प्राइवेट शिक्षा से शिक्षा-असमानता बनी। शिक्षा का कुल नतीजा बुद्धिविहीन आईटी कुलियों, सरकारी नौकरियों की भूख, कुशलता-कौशल के नाम पर बेगार करती नौजवानों की भीड़ थी। न खेती व परंपरागत कौशल में प्रवीण और न पहले जैसे काबिल इंजीनियर-डॉक्टरों का शिक्षण। सो, जेनरेशन दुकान, गुमटी, धंधों में खपी। इसी के ट्रेंड को बूझ कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंह से निकला था कि दफ्तर के बाहर पकौड़ा बेचना भी रोजगार है।मतलब नरसिंह राव-मनमोहन सिंह बनाम नरेंद्र मोदी का बेसिक फर्क यह भी है जो राव-वाजपेयी-मनमोहन सिंह ने भूमंडलीकरण, वैश्विक ट्रेंड में उत्पादकता, औद्योगिक उत्पादकता, आईटी-सेवा क्षेत्र के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट बनवा इक्कीसवीं सदी के सिनेरियो में दिमाग खपाया। वही नरेंद्र मोदी ने चाय-पकौड़े की गुमटी यानी व्यापार, धंधा, मुनाफे में भारत का भविष्य बूझा है। यह उनका दोष नहीं है। गुजरात की तासीर में विकास मतलब व्यापार, धंधा, दुकान, वाणिज्य से मुनाफे की सर्वोच्चता से ही सब है। इसी कारण अंबानी-अडानी प्रतिमान हैं। बाकघ्री सब जाएं भाड़ में और धंधा, मुनाफा ही परम पुरुषार्थ।सोचें, पिछले तीन वर्षों में अंबानी-रिलायंस ने यूक्रेन संकट में रूस से सस्ता-कच्चा तेल खरीद उसे देश-दुनिया को कितना महंगा बेचा? अरबों-खरबों रुपए का मुनाफा कमाया होगा। अब यदि इस धंधे से भारत ट्रंप के टैरिफ का मारा है तो अंबानी-रिलायंस का तो कुछ नहीं बिगड़ना है। मगर देश, मोदी सरकार के लिए तो अंबानी सफलता की कहानी है!विषयांतर हो रहा है। मूल बात पर लौटें। भारत ने 1990 से 2000 के बीच अपने् इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण की भूमिका बनाई। राव-मनमोहन सिंह ने हाईवे, एयरपोर्ट, बंदरगाह, संचार व बिजली क्षेत्र को नौकरशाही जकड़न से मुक्त किया। निज पूंजी, उद्यम को स्वतंत्रता दी। इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण शुरू हुआ तो उससे इक्कीसवीं सदी के 25 वर्षों की सतत कोशिश से भारत को क्या प्राप्त है? कह सकते हैं कनेक्टिविटी और बिजली का उजाला है। अर्थात हाईवे के नेटवर्क, संचार, आवाजाही-माल ढुलाई, ऊर्जा में सुगमता है। जैसा भी हो पर इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा है। ऐसा होनी मोदी सरकार से नहीं है। उसका योगदान सरकारों की निरंतरता की मौजूदा कड़ी के नाते है। संयोग था जो नरसिंह राव के सुधारों के बाद की सरकारों में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रभारी मंत्री कामकाजी हुए।वाजपेयी सरकार के भुवनचंद खंडूरी हों या कांग्रेस के कमलनाथ-सीपी जोशी या नितिन गडकरी से भारत हाईवे नेटवर्क में गुंथा गया है। इन सभी मंत्रियों ने नौकरशाही को सख्ती से कसते हुए काम निकालने की धुन में काम किया। ध्यान रहे कांग्रेस ने ही अडानी को पहला बंदरगाह दिया था। ऐसे ही उसने दक्षिण भारत की कंपनियों को हाईवे, एयरपोर्ट, बिजलीघर बनाने के काम सौंपे थे। सरकारों की प्राथमिकता से ही पच्चीस वर्षों का इंफ्रास्ट्रक्चर लेखा है। अब सवाल है कि जिस असल काम के लिए बुनियादी ढांचा बना उसका क्या हुआ? क्या भारत में कारखाने खुले, निर्यात बढ़ा? भारत की उत्पादकता बढ़ी? औद्योगिक क्रांति हुई? भारत आत्मनिर्भर बना?ऐसा न होना 25 वर्षों के भारत चि; की असलियत है। किसी भी अर्थशास्त्री से पूछें, किसी भी विकसित देश की गाथा पढ़ें तो मालूम होगा कि जब भी किसी ने इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया तो उस देश में फैक्ट्रियां खुलीं, रोजगार बढ़ा। उत्पादकता बढ़ी। निवेश आया और निर्यात बढ़ा। उसी से फिर इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत निकली। 25 वर्षों में भारत में उलटा हुआ! औद्योगिकीकरण नहीं हुआ। उलटे 140 करोड़ लोगों की भीड़ से भारत वह बाजार बना, जिसके हाईवे, बंदरगाहों, एयरपोर्ट, कम्युनिकेशन ने चीन में बने सामान की माल ढुलाई को आसान बनाया। अंबानी-अडानियों को शॉपिंग मॉल बनाकर, बंदरगाह विकास कर चीन, वियतनाम से टरबाइन या सोलर मशीनरी आदि हर सामान लाकर भारत में खपाने, लगाने, बेचने का धंधा चोखा बना।सो, इंफ्रास्ट्रक्चर से भारत का औद्योगिकीकरण नहीं है। मगर बाजार फैला है और लागत वसूली है। लोगों की कनेक्टिविटी बनी तो उसके साथ 140 करोड़ से ही टोल टैक्स, हवाई टिकट, फोन बिल की मनमानी वसूली का रिवाज-कायदा है। एयरपोर्ट-बंदरगाह क्षेत्र में अडानी और इंडिगो बने। फोन-संचार पर जियो-एयरटेल की एकछत्रता हुई।

# कांग्रेस को असम से बहुत उम्मीदें

अप्रैल में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होंगे, जिनमें से दो राज्य कांग्रेस की उम्मीदों के प्रदेश हैं। कांग्रेस को केरल और उसके साथ साथ असम से बहुत उम्मीदें हैं। कांग्रेस को लग रहा है कि 10 साल की सत्ता ने प्रदेश में भाजपा को अलोकप्रिय बनाया है और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के भड़काऊ भाषणों व विभाजनकारी राजनीति से लोग ऊबे हुए हैं। लेकिन क्या सचमुच ऐसा है? यह सही है कि 10 साल की एंटी इन्कम्बैंसी है और संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए से भी असम के लोगों में नाराजगी है। फिर भी पिछले दो चुनावों से जिस स्तर का ध्रुवीकरण हो रहा है वह कांग्रेस के लिए चुनौती है। हालांकि इस बार कांग्रेस ने बदरूद्दीन अजमल की पार्टी से तालमेल नहीं किया है। इससे ध्रुवीकरण की संभावना थोड़ी कम हुई है।

बहरहाल, पहले सीएए की बात करते हैं। भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए पर अमल इसलिए रोक दिया था क्योंकि असम में उसको इसके नुकसान का अंदाजा हो गया था। गौरतलब है कि सीएए का कानून 2019 में पास किया गया लेकिन उसे लागू करने के नियम नहीं बनाए गए। 2021 के चुनाव में भाजपा को इसका असम में फायदा हुआ और पश्चिम बंगाल में थोड़ा नुकसान हुआ। अब पश्चिम बंगाल में फायदे के लिए उसने सीएए लागू कर दिया लेकिन हो सकता है कि असम में इसका नुकसान हो। असम में यह धारणा बनी है कि सीएए से बांग्ला बोलने वाली आबादी बढ़ जाएगी और असमिया भाषा व संस्कृति कमजोर होगी।कांग्रेस के नेता और मुख्यमंत्री पद के अघोषित दावेदार गौरव गोगोई अहोम वंश से जुड़े हैं और असमिया भाषा और संस्कृति के मुद्दे उठाते रहते हैं। साथ ही कांग्रेस ने भाषा व संस्कृति के आधार पर सीएए का विरोध करने वाले समूहों द्वारा बनाई गई पार्टियों से तालमेल किया है। वह भाजपा के धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण के मुकाबले भाषा और अस्मिता के आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है।कांग्रेस पार्टी ने असम में उम्मीदवारों का चयन करने के लिए छंटनी समिति बनाई है, जिसका अध्यक्ष प्रियंका गांधी वाड्रा को बनाया गया है। इससे भी लग रहा है कि कांग्रेस असम को लेकर काफी भरोसे में है। गठबंधन की बातचीत भी लगभग तय है। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण रोकने के लिए कांग्रेस ने इस बार बदरूद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी एआईयूडीएफ से तालमेल नहीं किया है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने अजमल की पार्टी के लिए 20 सीटें छोड़ी थीं।पिछली बार की तरह इस बार बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट यानी बीपीएफ भी कांग्रेस के साथ नहीं है। हागरामा मोहिलारी की पार्टी ने बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल यानी बीटीसी का चुनाव जीता और उसके बाद भाजपा ने उससे तालमेल कर लिया है। अब बोडोलैंड की दोनों पार्टियां बीटीसी और यूपीपीएल भाजपा के साथ हैं। कांग्रेस ने अजमल और मोहिलारी की पार्टी को 32 सीटें दी थीं और खुद 95 सीटों पर लड़ी थी। इस बार ये दोनों पार्टियां कांग्रेस के साथ नहीं हैं। लेकिन कांग्रेस ने अलग अलग जातीय समूहों में असर रखने वाली छोटी पार्टियों के साथ अपना गठबंधन किया है।कांग्रेस ने पिछली बार महाजोत बनाया था, जिसमें एआईयूडीएफ, बीपीएफ के साथ साथ राष्ट्रीय जनता दल, तीन कम्युनिस्ट पार्टियां और एक अन्य दल शामिल था। इस बार कांग्रेस ने असोम सम्मिलितो मोर्चा बनाया है। इसमें कांग्रेस के अलावा पहले की तरह सीपीआई, सीपीएम और सीपीआई माले शामिल है। पिछली बार यूआरएफ बना कर अलग चुनाव लड़ी दो स्थानीय पार्टियों लुरिनजोत गोगोई की असम जातीयता परिषद और अखिल गोगोई की रायजोर दल से इस बार कांग्रेस ने तालमेल किया है। इनके अलावा ऑल पार्टी हिल लीडर्स कॉन्फ्रेंस से भी कांग्रेस ने तालमेल किया है। यूपीपीएल और बीपीएफ के नहीं होने से हिल एरिया के लिए कांग्रेस को एक पार्टी की जरुरत थी। सात पार्टियों का सम्मिलित मोर्चा भले पिछली बार के मुकाबले कमजोर दिख रहा है लेकिन जमीनी असर और नैरेटिव के मामले में इस मोर्चे ने चुनाव से पहले भाजपा को कड़ी टक्कर देने का संकेत दिया है।अब अगर पिछले चुनाव की बात करें तो एनडीए और महाजोत के बीच बेहद करीबी मुकाबला हुआ था। एनडीए को 44.51 फीसदी वोट मिला था तो महाजोत को 43.68 फीसदी वोट मिला था। यानी अंतर एक फीसदी से भी कम था। हालांकि सीटों में बड़ा अंतर आ गया था। यह भारत की श्फर्स्ट पास्ट द पोस्ध्व सिस्टम की अंतर्निहित खामी है। 44.51 फीसदी वोट पर एनडीए को 75 यानी 59.5 फीसदी सीटें मिलीं। दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला महाजोत 43.68 फीसदी वोट लेकर 50 यानी 39.7 फीसदी सीटें जीत सका। महाजोत का असली फायदा अजमल की पार्टी को मिला, जो 20 सीटों पर लड़ कर नौ फीसदी वोट लाई और 16 सीटें जीत गई।मोहिलारी की पार्टी 3.39 फीसदी वोट लेकर तीन ही सीट जीत पाई और कांग्रेस 29 फीसदी वोट लेकर 29 सीट जीत पाई। वोट का यह ट्रेंड थोड़े बहुत अंतर के साथ लोकसभा चुनाव 2024 में भी बना रहा। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 42 फीसदी और कांग्रेस को 40 फीसदी के करीब वोट मिले। लोकसभा चुनाव गौरव गोगोई की कमान में लड़ा गया था। उनकी कोलियाबोर सीट परिसीमन में समाप्त हो गई तो वे जोरहाट सीट से लड़े और चुनाव जीते। कांग्रेस को तीन ही सीट मिली, लेकिन सबसे बड़ी बात यह थी कि कांग्रेस के रकिबुल हसन ने बदरूद्दीन अजमल को 10 लाख से ज्यादा वोट से हरा दिया।कांग्रेस के नेता मान रहे हैं कि मुस्लिम वैसे भी कांग्रेस के साथ हैं इसलिए उसने अजमल की पार्टी से तालमेल नहीं किया। कांग्रेस यह भी मानती है कि इससे भाजपा को ध्रुवीकरण कराने का मौका नहीं मिलेगा। हालांकि अजमल की पार्टी अपने असर वाले इलाके खास कर धुबरी, बारपेटा, करीमगंज आदि में अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। लेकिन कांग्रेस को यह भी पता है कि जीतने के बाद अजमल के भाजपा के साथ जाने की संभावना नहीं है। यानी जरुरत पड़ने पर वे कांग्रेस के साथ देंगे। सांप्रदायिक विभाजन रोकने के लिए कांग्रेस असम के स्थानीय समूहों में पहुंच बनाने का प्रयास कर रही है। रायजोर दल और असम जातीयता परिषद से उसको इसका लाभ मिलेगा। दूसरे गौरव गोगोई की वजह से कांग्रेस को एक एडवांटेज मिला हुआ है।तभी हिमंत बिस्वा सरमा ने गोरव गोगोई को निशाना बनाया है। वे उनकी पत्नी को लेकर हमले कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि गौरव गोगोई की पत्नी का पाकिस्तान से रिश्ता है। वे पाकिस्तानी एनजीओ के लिए काम कर चुकी हैं और उनका बार बार पाकिस्तान आना जाना हुआ है। हालांकि गौरव गोगोई पर इस तरह के निजी हमले से भाजपा को नुकसान हो सकता है। उनके अलावा सरमा का मुख्य मुद्दा घुसपैठ का है। वे लगातार घुसपैठियों को बाहर निकालने के दावे कर रहे हैं। अमित शाह ने भी घुसपैठियों को बाहर निकालने और भारत की जमीन खाली कराने के लिए सरमा की तारीफ की है। अपने कामकाज और उपलब्धियों की बजाय सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने के मुद्दे, मियां मुस्लिम को बाहर निकालने, घुसपैठियों की पहचान करने या पाकिस्तान के नाम पर गौरव गोगोई को निशाना बनाने जैसे तमाम ुद्दे निगेटिव प्रचार वाले हैं।

इसी तरह के प्रचार सरमा ने झारखंड चुनाव में सह प्रभारी के तौर पर किया था और भाजपा बुरी तरह से हारी थी। खुद हिमंत बिस्वा सरमा कहते हैं कि असम में मुस्लिम आबादी 34 फीसदी है। इसका मतलब है कि भाजपा को जीतने के लिए 66 फीसदी हिंदू आबादी में से 70 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करना होगा। पिछले दो विधानसभा और दो लोकसभा चुनाव से भाजपा इसमें कामयाब होती रही है। लेकिन इस बार रास्ता आसान नहीं है। असमिया संस्कृति का मुद्दा कांग्रेस और उसकी सहयोगियों ने बनाया है तो देश के अलग अलग हिस्सों में भाजपा शासित राज्यों में बांग्लाभाषियों पर हुए हमले का मुद्दा भी है। हिंदी भाषी लोगों की भी अपनी समस्याए हैं। तभी कांग्रेस ने भी उम्मीद लगाई है।

# गणतंत्र दिवस महान संकल्प, संघर्ष और दूरदृष्टी का प्रतीकः मुख्य सचिव

### – मुख्य सचिव ने सचिवालय में ध्वज फहराकर प्रदेशवासियों और सचिवालय परिवार को गणतंत्र दिवस की बधाई दी



देहरादून संवाददाता. मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय परिसर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वज फहराकर सभी प्रदेशवासियों एवं सचिवालय में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि हम सब यहाँ भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के एक अत्यंत गौरवपूर्ण एवं पावन पर्व पर एकत्रित हुए हैं। यह दिन केवल एक औपचारिक तिथि नहीं है, बल्कि उस महान संकल्प, संघर्ष और दूरदृष्टि का प्रतीक है, जिसके बल पर भारत ने स्वयं को एक सम्प्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में प्रतिष्ठित किया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन, 26 जनवरी 1950 को, भारत ने अपने संविधान को अंगीकार कर यह घोषणा की कि इस देश की सत्ता का अंतिम स्रोत उसकी जनता होगी। यह वह क्षण था जब सदियों की दासता के बाद भारत ने न केवल राजनीतिक स्वतंत्रता, बल्कि संवैधानिक स्वराज भी प्राप्त किया।संविधान ने हमें अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का बोध कराया : मुख्य सचिव ने कहा कि हमारा संविधान केवल कानूनों का संकलन नहीं है, बल्कि यह भारत की आत्मा, चेतना और चरित्र का दर्पण है। डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में निर्मित यह संविधान हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों से जोड़ता है। संविधान ने हमें अधिकार दिए हैं, परंतु उससे भी अधिक हमें हमारे कर्तव्यों का बोध कराया है।प्रत्येक शासकीय कर्मी जनता का सेवक है : मुख्य सचिव ने कहा कि हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि हम केवल शासकीय कार्य नहीं कर रहे, बल्कि हम जनता के सेवक हैं। हमारी हर फाइल, हर नीति और हर निर्णय प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किसी नागरिक के जीवन को प्रभावित करता है। इसलिए प्रशासन में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही केवल शब्द नहीं, बल्कि हमारा आचरण होना चाहिए। उत्तराखंड केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, त्याग और सपनों की उपज है। यह उन माताओं की आँखों में बसे सपनों का परिणाम है, जिन्होंने अपने बच्चों को आंदोलन में झोंक दिया। यह उन युवाओं की आहुति का फल है, जिन्होंने एक बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष किया। सचिवालय राज्य की नीति की धड़कन, यहीं से शासन का संदेश अंतिम व्यक्ति तक पहुँचता है: मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य निर्माण के पच्चीस वर्ष पूर्ण कर चुके उत्तराखंड के लिए वर्ष 2026 अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह रजत जयंती के बाद का नवोन्मेषी चरण है, जहाँ हमें अतीत से सीखते हुए भविष्य की नींव और अधिक सशक्त बनानी है। उत्तराखंड सचिवालय राज्य की नीति की धड़कन है। यहीं से योजनाएँ जन्म लेती हैं, यहीं से विकास की दिशा तय होती है और यहीं से शासन का संदेश अंतिम व्यक्ति तक पहुँचता है। उन्होंने अपने सिस्टम पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सचिवालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण अपने समर्पण, कर्मठता और कर्तव्यनिष्ठा से राज्य को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में निरंतर योगदान दे रहे हैं। चाहे आप नीति निर्माण से जुड़े हों, वित्त प्रबंधन में हों, प्रशासनिक कार्यों में हों या सहायक सेवाओं में,हर भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज का युग केवल योजनाओं की घोषणा का नहीं, बल्कि परिणामों का युग है। नागरिक यह नहीं पूछते कि योजना बनी या नहीं, वे यह जानना चाहते हैं कि उनके जीवन में क्या परिवर्तन आया।अनुशासन, समयबद्धता, नागरिकों के प्रति सम्मान और नैतिक आचरण हमारी पहचान बने: मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखंड शासन ने विगत वर्षों में ई-गवर्नेंस, डिजिटल सेवाओं का विस्तार, पारदर्शी भर्ती प्रक्रियाएँ, जनकल्याणकारी योजनाओं की समयबद्ध डिलीवरी तथा प्रशासनिक सुधारों की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। फिर भी, हमें यह स्वीकार करना होगा कि सुशासन एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें निरंतर आत्ममंथन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार अपने कर्मचारियों के बिना सफल नहीं हो सकती। सचिवालय का प्रत्येक कर्मीख़ चाहे अधिकारी हो या सहायकख़राज्य की प्रशासनिक मशीनरी का अनिवार्य अंग है। मैं आपको यह आश्वस्त करता हूँ कि शासन आपकी क्षमता-वर्धन, कल्याण और कार्य-संतुलन के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, मैं आपसे अपेक्षा करता हूँ कि अनुशासन, समयबद्धता, नागरिकों के प्रति सम्मान और नैतिक आचरण हमारी पहचान बने।विकसित भारत /2047 का संकल्प केवल केंद्र सरकार का नहीं, बल्कि हर राज्य और हर कर्मचारी का साझा संकल्प है: मुख्य सचिव ने कहा कि भारत आज विश्व का सबसे युवा देश है, और उत्तराखंड भी इस ऊर्जा से परिपूर्ण है। युवा ऊर्जा यदि सही दिशा में प्रवाहित हो, तो असंभव को भी संभव बना सकती है। आज प्रशासन में तकनीक केवल सहायक नहीं, बल्कि एक अनिवार्य उपकरण बन चुकी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शासन को अधिक तेज, सटीक और पारदर्शी बना रहे हैं। हमें तकनीक से डरना नहीं, बल्कि उसे मानवीय संवेदनाओं के साथ जोड़ना है। भारत आज वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत /2047 का संकल्प केवल केंद्र सरकार का नहीं, बल्कि हर राज्य और हर कर्मचारी का साझा संकल्प है। संकल्प: उत्तराखंड को एक आदर्श राज्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे: मुख्य सचिव ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें स्मरण कराता है कि हम स्वतंत्र हैं, क्योंकि हमारे पूर्वजों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। हम सुरक्षित हैं, क्योंकि हमारे सैनिक सीमाओं पर डटे हैं। और शासन इसलिए चल रहा है, क्योंकि आप सभी अपना दायित्व ईमानदारी से निभा रहे हैं। इस गणतंत्र दिवस पर हम यह संकल्प लें कि हम संविधान की मर्यादा बनाए रखेंगे, जनता की सेवा को सर्वोच्च कर्तव्य मानेंगे और उत्तराखंड को एक आदर्श राज्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर के सुधांशु , एल फैनाई, आर मीनाक्षी सुंदरम, सभी सचिवगण, अपर सचिवगण सचिवालय के अधिकारी कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

## सुबह खिली धूप, दोपहर में रिमझिम बारिश

ऋषिकेश संवाददाता. तीर्थनगरी ऋषिकेश में मंगलवार को मौसम का मिजाज दोपहर में अचानक बदल गया। काली घटाओं के साथ पहले तेज हवा चली। इसके बाद रिमझिम फुहार से मौसम में सर्द हो गया। मौसम बदलते ही बाजार की चहल-पहल नदारद हो गई। पर्यटक स्थलों पर भी सन्नाटा पसर गया। ठंडी हवाओं के साथ बूंदाबांदी होने से लोग घरों से निकलने में हिचकिचाते दिखे। मंगलवार सुबह चटख धूप खिली। दोपहर करीब 12:30 बजे आसमान को काले बादलों ने ढक दिया। इसके बाद हवाएं चली। इससे मौसम सर्द हो गया। बारिश की रिमझिम फुहार ने ठंड को बढ़ा दिया। हवाओं, धूल और बारिश की वजह से सड़क पर दोपहिया व पैदल गुजर रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पर्यटक स्थलों के साथ ही गंगा घाटों पर भीड़ एकाएक कम हो गई। मौसम की वजह से राफ्टिंग करने वाले पर्यटकों की संख्या में भी गिरावट देखने को मिली। इससे इस व्यवसाय पर निर्भर लोगों के चेहरों पर मायूसी नजर आई। अपराह्न करीब तीन बजे रिमझिम बारिश का दौर थमा। इसके बाद ठंडी हवाएं चलने से लोग परेशान रहे। मौसम में बदलाव के कारण बाजार अन्य दिनों के मुकाबले शाम को जल्दी बंद हो गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 18 और न्यूनतम नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दिन में तापमान 13 डिग्री तक भी पहुंचा। वहीं, राज्य मौसम निदेशक डॉ. सीएस तोमर ने बताया कि मौसम में बदलाव की संभावना बनी हुई है।

## ढालवाला ड्रेन से गंदगी की शिकायत परएसडीएम ने किया चंद्रेश्वरनगर में निरीक्षण

ऋषिकेश संवाददाता. ढालवाला ड्रेन (निकास नाली) से गंगा तक पहुंच रही गंदगी की शिकायत पर एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों के साथ चंद्रेश्वर नगर में निरीक्षण किया। उन्होंने ड्रेन की पानी की गुणवत्ता की जांच कराई। इसमें पानी दूषित नहीं मिला। इसके बावजूद शिकायतकर्ता ने करीब 250 मीटर ड्रेन के खुले हिस्से को ढकने की मांग की। इस पर एसडीएम ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। मंगलवार को एसडीएम योगेश मेहरा, नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल जल निगम और सिंचाई विभाग के साथ अधिकारियों के साथ चंद्रेश्वरनगर पहुंचे। उन्होंने ढालवाला ड्रेन के रूप में चंद्रेश्वनगर से होते हुए गंगा में गिर रहे स्रोत के पानी में गंदगी की शिकायत पर निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण में उन्होंने मौके पर ही ड्रेन के पानी की गुणवत्ता की जांच कराई। इसमें रिपोर्ट के आधार पर पानी दूषित नहीं मिला। हालांकि, आसपास क्षेत्र से ड्रेन में गंदगी गिरने से रोकने के लिए उन्होंने अधिकारियों को कदम उठाने के लिए कहा। निरीक्षण में शिकायतकर्ता ने ड्रेन के खुले हिस्से को लेकर भी आपत्ति जताई। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि ड्रेन के खुले हिस्से में भी किसी न किसी रूप में गंदगी गिर रही है। यह गंगा तक पहुंच रही है। एसडीएम ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को ड्रेन के खुले हिस्से को अति शीघ्र ढकने के लिए निर्माण कार्य के निर्देश दिए। इस पर अधिकारियों ने आकलन शासन में लंबित होने की जानकारी दी। बताया कि स्वीकृति मिलने ही इस कार्य किया जाएगा। निरीक्षण में जल निगम के अधिशासी अभियंता हरीश बसंल, सिंचाई विभाग के एसडीओ सुरेंद्र श्रीकोटी और सफाई निरीक्षक अभिषेक मल्होत्रा आदि शामिल रहे।



## पाप से बचने के लिए समय रहते गलती का प्रायश्चित जरूरी: हरिदास महाराज

ऋषिकेश संवाददाता. कथा मर्मज्ञ हरिदास महाराज ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। मंगलवार को त्रिवेणी घाट पर श्री वीरवर दायक काले हनुमान मंदिर गौतम कुंज की संस्थापक ब्रह्मलीन महंत जनक किशोरी दासी की प्रथम बरसी पर श्रीमद्भागवत कथा दूसरे दिन भी हुई। कथा व्यास हरिदास महाराज ने पांडवों के जीवन में श्रीकृष्ण की कृपा को सुंदर ढंग से बताया। उन्होंने कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि द्वापर युग में धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्यदेव की उपासना कर अक्षयपात्र प्राप्त किया। हमारे पूर्वजों ने सदैव पृथ्वी का पूजन व रक्षण किया। इसके बदले प्रकृति ने मानव का रक्षण किया। भागवत श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। परमात्मा दिखाई नहीं देता है वह हर किसी में बसता है। इस मौके पर महामंडलेश्वर वृंदावन दास महाराज, महंत रामकृपाल दास, पूर्व मेयर अनिता ममगाई, रघुनंदन गौतम, स्वीकृति गौतम, प्रीति गौतम, लक्ष्मी गौतम, राजेश गौतम, नीलम, रेनू शर्मा, सपना, डॉ. पिंकी गौतम, हरिओम गौतम, डॉ. अमित गौतम, ऋषभ गौतम, रामानंद सिंह, मनीष बंडवाल, अरुण मनवाल, राजु गुप्ता और सुमति सिल्सवाल आदि मौजूद रहे।

## पैरोल पर छुटा फरार आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर संवाददाता. चोरी के आरोप में जेल से पैरोल पर छुटा आरोपी लगातार फरार चल रहा था। जिसे सेलाकुई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सेलाकुई पीडी भट्ट ने बताया कि सेलाकुई पुलिस ने जिला कारागार देहरादून से कोविड-19 के दौरान 90 दिनों की अंतरिम जमानत पर रिहा हुए आरोपी अरुण चौधरी पुत्र डालचंद निवासी ग्राम ढाकिन थाना पलिया कला जिला लखीमपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया था। वर्ष 2020 में चोरी के आरोप में जेल चला गया था। जिसे जिला कारागार देहरादून से कोविड के दौरान पैरोल पर रिहा किया गया था। लेकिन पैरोल खत्म होने के बाद आरोपी ने न तो कोर्ट में आत्मसमर्पण किया और न ही पेश होकर जमानत करवाई। बताया कि कोर्ट की ओर से आरोपी के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किए थे।

# चमोली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**-प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने ध्वजारोहण कर, परेड की सलामी ली**

**-विभिन्न विभागों ने आकर्षक झांकियों का किया प्रदर्शन, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया पुरस्कृत**

चमोली संवाददाता. जनपद में 77वां गणतंत्र दिवस सोमवार को पूरे हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न स्थानों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातःकाल के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर प्रभात फेरियां निकाली गई, वहीं जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों एवं विभागीय कार्यालयों में ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम पुलिस मैदान, गोपेश्वर में आयोजित किया गया, जहां पुलिस विभाग द्वारा भव्य रैतिक परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रभारी मंत्री एवं विद्यालयी शिक्षा, उच्च शिक्षा, सहकारिता, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा दुग्ध विकास विभाग मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य कार्यक्रम से पूर्व शहीद पार्क में शहीदों को माल्यार्पण कर माननीय प्रभारी मंत्री जी द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास भाईचारे जैसे मूल मूल्यों पर आधारित है और इन मूल्यों को आत्मसात कर हम एक समावेशी, सशक्त एवं विकसित समाज का निर्माण कर सकते हैं। मा. मंत्री डॉ



कार्यों को दर्शाया गया। अपने संबोधन में मा. प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान के लागू होने का गौरवशाली दिवस है। यह दिन हमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, बलिदान तथा संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता का स्मरण कराता है, जिनके प्रयासों से आज भारत एक सशक्त लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान समानता, न्याय, स्वतंत्रता और धन सिंह रावत ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार नशामुक्त एवं भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार द्वारा उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं, जिनका लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, कानून व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु उपनिरीक्षक नवनीत भंडारी, संजय नेगी एवं मानवेंद्र गोसाई को सम्मानित किया गया। वहीं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कुमारी स्वाती बड़वाल, सरोजिनी, भावेश तिवारी, राज, नवीन, श्रेय किमोठी एवं हुजैफा नाज को पुरस्कृत किया गया। बहादुरी के लिए देवेश प्रसाद मलेठा, पंकज कुमार, आरव, दिव्या एवं दीपिका को पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त कोषागार विभाग के कार्मिकों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रस्तुत की गई विभागीय झांकियों में ग्राम विकास विभाग की झांकी को प्रथम पुरस्कार एवं उद्यान विभाग की झांकी को द्वतीय और स्वास्थ्य विभाग की झांकी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर थराली विधायक भूपाल राम टमटा, नगर पालिका अध्यक्ष गोपेश्वर संदीप रावत, नगर पालिका अध्यक्ष कर्णप्रयाग गणेश शाह, भाजपा जिला महामंत्री अरुण मैठाणी एवं विनोद कनवासी, जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश सहित जनपद के सभी जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रुद्रप्रयाग संवाददाता. बदरीनाथ हाईवे पर मकड़ी बाजार पेट्रोल पंप की चढ़ाई के पास मंगलवार शाम को एक कार चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रवीन (42 वर्ष), पुत्र नारायण, निवासी श्रीनगर के रूप में हुई है। वह प्रतिदिन श्रीनगर से शिक्षकों को रुद्रप्रयाग स्थित उनके स्कूल लाने और ले जाने का काम करता था।पुलिस को सूचना मिली कि हाईवे पर एक व्यक्ति गिरा हुआ है। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो प्रवीन अपनी कार में मृत मिला। पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि जब प्रवीन सड़क पर गिरा था तो किसी राहगीर ने उसे उठाकर वाहन में बैठा दिया था। घटना के समय वाहन से आने वाले सभी शिक्षक स्कूल में थे। छुट्टी होने के बाद जब शिक्षकों ने प्रवीन को फोन किया तब पुलिस ने फोन उठाया और उसकी मृत्यु की जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुलदीप पंत ने बताया कि प्रवीन ने सुबह शिक्षकों को स्कूल छोड़ा और मकड़ी बाजार में वाहन खड़ा कर दिया। जिस स्थान पर प्रवीन गिरा था वहां खून के निशान मिले हैं। आशंका है कि फिसलकर गिरने से सिर पर गंभीर चोट लगी होगी। प्रथम दृष्टया यह हार्टअटैक का मामला भी लग रहा है। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

## महिलाओं को बेकरी के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया

चमोली संवाददाता. पलायन आयोग की ओर से बमोथ गांव में महिलाओं को बेकरी के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। विभिन्न क्लस्टर की करीब 28 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। महिलाओं ने बंद, बिस्कुट, ब्रेड, केक, फैन, पेटीज आदि बनाना सीखा। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं की ओर से बनाए गए उत्पादों स्थानीय बाजार में हाथों हाथ बिक गए। अब महिलाएं इसे अन्य बाजारों सहित सरकारी कार्यक्रमों में ब्रिकी करने की योजना बना रही हैं। बमोथ के मिनी सचिवालय में गंगनाली क्लस्टर से जुड़ी महिलाओं को बेकरी के उत्पादों का प्रशिक्षण दिया गया। क्लस्टर की अध्यक्ष जशोदा देवी, गुड्डी देवी, हेमलता और रोशनी आदि ने बताया कि प्रशिक्षण में महिलाओं ने पहाड़ी उत्पादों से मंडुवे और जीरा बिस्किट आदि भी बनाए। सभी उत्पादों को लोगों ने खूब पसंद भी किया। एनआरएलएम के ब्लॉक मिशन मैनेजर मयंक कुमेड़ी ने बताया कि कुछ समय बाद फिर से महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि महिलाएं इस कार्य में निपुण हो सकें। वहीं पोखरी के खंड विकास अधिकारी शिव सिंह भंडारी ने बताया कि महिलाओं के लिए यह प्रशिक्षण लाभकारी साबित होगा। इन उत्पादों को चारधाम यात्रा के दौरान ब्रिकी के लिए प्रयोग किया जाएगा। ताकि इन उत्पादों की ब्रिकी हो और महिलाओं की आर्थिकी मजबूत हो सके।

## जागरूकता कार्यक्रम में नशा, साइबर अपराध, यातायात नियम और महिला सुरक्षा की जानकारी दी

चमोली संवाददाता.वादुक गांव में पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को नशा, साइबर अपराध से बचाव, यातायात नियम और महिला सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस ने ग्राम सभा के पंचायत भवन सभागार में लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया। कहा कि नशे से मानसिक, सामाजिक और आर्थिकी पर दुष्प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी से यातायात नियमों का पालन करने और नाबालिग को वाहन न देने की हिदायत दी। साइबर अपराध के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी अज्ञात नंबर से आए फोन या मैसेज पर कोई रिप्लाई न करें। किसी भी स्थिति में ओटीपी या बैंक डिटेल साझा न करें। साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। इस दौरान महिला सुरक्षा के कानून की भी जानकारी दी गई।

## सड़क हादसे में दून निवासी युवक की मौत

चमोली संवाददाता. सीमांत क्षेत्र रैणी के पास बाइक दुर्घटना में देहरादून निवासी एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्रीनगर में पढ़ाई करने वाले दो छात्र सोमवार को बाइक से यहां घूमने आए थे। सुराई थोटा से लौटते समय रैणी गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई। हादसे में बाइक चालक मोहित सती (20) पुत्र सत्य प्रसाद सती निवासी नेहरू ग्राम देहरादून की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठे उसके सहपाठी लक्ष्य (20) निवासी कोटपुतली राजस्थान को हल्की चोट आई हैं। ज्योतिर्मठ कोतवाली के एसएसआई विनोद रावत ने बताया कि शव परिजनों को सौंप दिया है।

# 77वें गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन रुद्रपुर में मंत्री गणेश जोशी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

रुद्रपुर संवाददाता. प्रदेश के कृषि एवं जनपद उधम सिंह नगर प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने देश का 77 वां गणतंत्र दिवस में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस लाइन रुद्रपुर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को पीआरडी एनसीसी स्काउट गाईड, पुलिस परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया गया। इस अवसर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा झाकियां निकाली गई साथ ही कई देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने 77वें गणतंत्र दिवस की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश के उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आज हम सब मिलकर अपने देश के 77वें गणतंत्र दिवस को मना रहे हैं। यह दिन हमारे लिए गर्व और उत्सव का दिन है। इसी दिन, 26 जनवरी 1950 को, भारत का संविधान लागू हुआ था और हम एक गणराज्य बने थे। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का अधिकार दिया है। यह संविधान ही है जिसने हमें एकजुट रखा है और हमें एक मजबूत राष्ट्र बनाया है। उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने हमें यह आजादी दिलाने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया था। हमें



उनके बलिदानों को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से एक महाशक्ति बनने ी राह पर अग्रसर है, जहां हमारी आवाज सुनी जाती है और हमें एक समान भागीदार के रूप में देखा जाता है।कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड हर एक क्षेत्र में विकास की नयी गाथा लिख रहा है। उन्होंने कहा कि रोड कनेक्टिविटी, कृषि, औद्यानिकी, ग्राम्य विकास, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व तरक्की कर रहा है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि 27 जनवरी का दिन उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य उत्तराखंड बना है। उन्होंने कहा उत्तराखंड वीर भूमि है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के सम्मान में देहरादून के गुनियाल गांव में भव्य सैन्य धाम का बनकर तैयार हो गया है। जिसका शीघ्र ही लोकार्पण किया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस पर ना परेड दिखी ना झांकियां.. औपचारिक आयोजन तक सिमटा कार्यक्रम

श्रीनगर गढ़वाल संवाददाता.। गणतंत्र दिवस पर जहां गोला पार्क हर साल देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आता था वहीं इस बार 26 जनवरी को पार्क की रौनक फीकी रही। स्कूली बच्चों की परेड, झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस बार नहीं दिखे। पूरा आयोजन केवल ध्वजारोहण और राष्ट्रगान तक सिमट कर रह गया जिससे स्थानीय लोगों में निराशा दिखी।

## कोठियालसैंण में लगा एक किमी जाम, लोग चले तीन किमी पैदल

चमोली संवाददाता. चमोली-गोपेश्वर-ऊखीमठ हाईवे पर आए दिन जाम लगने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को कोठियालसैंण में करीब एक घंटे तक एक किमी तक वाहनों का जाम लगा रहा। लोगों को गंतव्य तक जाने के लिए करीब तीन किमी पैदल चलना पड़ा। चमोली कोतवाली से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर निर्माण सामग्री सड़क पर रखी होने, निर्माण कार्य होने और सड़क किनारे वाहन खड़े होने से यहां जाम लग रहा है। इसके बाद भी यहां कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। मंगलवार को दोपहर ढाई बजे गोपेश्वर की ओर जा रहे वाहनों के साथ ही विपरीत दिशा से ट्रक आने से यहां जाम लग गया। देखते ही देखते एक किमी तक जाम लग गया। इसी दौरान स्कूली बच्चों को छोड़कर आने वाली बसें भी वहां पहुंचीं तो जाम बढ़ता गया। स्थानीय अमित कुमार ने कहा कि जाम न खुलने से उन्हें चमोली बाजार जाने में तीन किलोमीटर तक पैदल जाना पड़ा। कई महिलाओं ने भी वाहन से उतरकर पैदल आवाजाही की।

# यूसीसी की घोषणा से लेकर प्रभावी क्रियान्वयन तक गौरव की अनुभूति : सीएम धामी

## प्रथम "समान नागरिक संहिता दिवस"

**मुख्यमंत्री ने किया यूसीसी में योगदान देने वाले अधिकारियों और रजिस्ट्रेशन में सराहनीय कार्य करने वालों का सम्मान**

देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर



सिंह धामी ने मंगलवार को हिमालयन कल्चरल सेंटर गढ़ी कैंट में आयोजित प्रथम "समान नागरिक संहिता दिवस" को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने समान नागरिक संहिता को तैयार करने वाले कमेटी के सदस्यों, कुशल क्रियान्वयन करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों और पंजीकरण में योगदान देने वाले वीएलसी को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने यूसीसी पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज का दिन उत्तराखंड राज्य के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित रहेगा, इसी दिन राज्य में समान नागरिक संहिता लागू हुई है, जिससे समाज में सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की स्थापना सुनिश्चित हो सकी। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति और परंपरा सदैव समरसता और समानता की संवाहक रही है। भगवान श्रीकृष्ण ने भी गीता में "समोहम सर्वभूतेषु न मे द्वेष्योस्ति न प्रिय:" का उपदेश दिया है, जिसका अर्थ है कि मैं सभी प्राणियों के प्रति समान भाव रखता हूँ, न किसी का शत्रु हूँ और न ही किसी के प्रति पक्षपात



करता हूँ। सनातन संस्कृति की यही महानता है, जिसने सदियों से दुनिया को समानता, न्याय और मानवता का मार्ग दिखाया है।सच किया संविधान निर्माताओं का संकल्प : मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सहित सभी संविधान निर्माताओं ने ''समान नागरिक संहिता'' को संविधान के अनुच्छेद 44 के अंतर्गत राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में सम्मिलित किया था। उनका मत था कि देश के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होना चाहिए। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उन्होंने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व, अपने दृष्टिपत्र में राज्य में "समान नागरिक संहिता" को लागू करने का संकल्प लिया। देवभूमि की जनता ने भी इस "देवकार्य" के लिए भाजपा को अपार समर्थन और आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उन्होंने दुबारा सत्ता संभालते ही पहले दिन से ही उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने के लिए कार्य प्रारंभ किया। इसी क्रम में 7 फरवरी 2024 को समान नागरिक संहिता विधेयक को राज्य विधानसभा में पारित कर राष्ट्रपति महोदया को भेजा गया। जिसे 11 मार्च 2024 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली। इसके बाद सभी आवश्यक नियमावली एवं प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए, राज्य सरकार ने 27 जनवरी, 2025 को उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को विधिवत रूप से लागू कर दिया। महिला सशक्तिकरण के नए युग की शुरुआत : मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि समाज में कुछ समुदायों के लिए अलग-अलग व्यक्तिगत कानूनों के कारण भेदभाव, असमानता और अन्याय की स्थिति बनी हुई थी। यूसीसी लागू होने से न केवल राज्य से सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हुए हैं बल्कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत भी हुई है। अब उत्तराखंड की मुस्लिम बहन-बेटियों को हलाला, इद्दत, बहुविवाह, बाल विवाह और तीन तलाक जैसी कुरीतियों से मुक्ति मिली है। यूसीसी लागू होने के बाद उत्तराखंड में एक भी हलाला या बहुविवाह का मामला सामने नहीं आया। यही कारण है कि मुस्लिम महिलाओं ने इस कानून का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात कई दशकों तक वोट बैंक की राजनीति के कारण, यूसीसी को लागू करने का साहस नहीं दिखाया गया। जबकि दुनिया के सभी विकसित और सभ्य देशों सहित प्रमुख मुस्लिम राष्ट्रों में समान नागरिक संहिता पहले से ही लागू है।समानता से समरसता का प्रयास : मुख्यमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता किसी धर्म या पंथ के खिलाफ नहीं है बल्कि ये तो समाज की कुप्रथाओं को मिटाकर सभी नागरिकों में "समानता से समरसता'' स्थापित करने का एक कानूनी प्रयास है।

## गंगा में डूब रहे पर्यटक के लिए फरिश्ता बने प्रशिक्षक विविपिन शर्मा

ऋषिकेश संवाददाता. गुरुग्राम से दोस्तों के साथ शिवपुरी घूमने आया एक पर्यटक गंगा में नहाते समय बह गया। उसने साथियों ने मदद की गुहार लगाई। इसी समय गाइडों को ट्रेनिंग दे रहे एक प्रशिक्षक पर्यटक को बचाने दौड़ पड़े। उन्होंने गाइडों की सहायता से पर्यटक को बामुश्किल बाहर निकाला। पर्यटक को तत्काल सीपीआर दी। इससे पर्यटक की जान बच गई। पर्यटक को 108 सेवा के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। यह घटना बीते सोमवार दोपहर की है। गुरुग्राम निवासी अविनाश दोस्तों के साथ मुनिकीरेती थाना क्षेत्र के शिवपुरी में युसुफ बीच पर घूमने पहुंचा था।

# किसानो का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश संवाददाता. भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने मांगों को लेकर मंगलवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। यूनियन ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी लागू नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान और केंद्र सरकार से एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू करने की मांग की। मंगलवार को डोईवाला तहसील में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों व किसानों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने नायब तहसीलदार आरएस रावत के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा भेजा। यूनियन जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह खालसा ने कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। इसके बाद भी किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने एमएसपी की कानूनी गारंटी लागू करने, गन्ने का मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल घोषित करने, देहरादून जिले में क्षतिग्रस्त सिंचाई नहरों का शीघ्र जीर्णोद्धार कराने, जंगल से सटे क्षेत्रों में जंगली जानवरों से किसानों और आम जनता की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने, निराश्रित गोवंश को पकड़कर गौशालाओं में भेजने, सिंचाई के लिए किसानों के ट्यूबवेलों को बिजली नि:शुल्क करने, शुगर मिलों के भविष्य को सुरक्षित रखने तथा गन्ना आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, सौर ऊर्जा प्लांट लगाने के लिए सब्सिडी देने और पहले से सौर ऊर्जा प्लांट लगा चुके किसानों को भी सब्सिडी का लाभ देने की मांग की।




## संक्षिप्त समाचार...

**मुख्यमंत्री धामी ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीएम आवास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया**

देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को संविधान की उद्देशिका की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए हम सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा राज्य के समग्र विकास के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।

**सीएम एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया**

देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बलवीर रोड स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, प्रेमचन्द अग्रवाल एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

**सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने सूचना भवन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया**

देहरादून संवाददाता. गणतंत्र दिवस के अवसर पर सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने सूचना भवन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा, एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई। ध्वजारोहण के उपरांत अपने संबोधन में महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र, संविधानिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। संविधान ने हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराया है, जिनका ईमानदारी से पालन करना प्रत्येक नागरिक और विशेष रूप से लोकसेवकों की जिम्मेदारी है।

## प्रथम देवभूमि समान नागरिक संहिता दिवस पर कर्मचारी, अधिकारी सम्मानित

अल्मोड़ा संवाददाता. उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के एक वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को जनपद अल्मोड़ा(आरएनएस)। में प्रथम देवभूमि समान नागरिक संहिता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन नवीन कलेक्ट्रेट भवन में जिला पंचायत अध्यक्षा हेमा गैड़ा की अध्यक्षता में किया गया। हेमा गैड़ा ने कहा कि समान नागरिक संहिता उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार सुनिश्चित करती है और सामाजिक समानता की दिशा में अहम कदम है। कार्यक्रम में समान नागरिक संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा ने कहा कि समान नागरिक संहिता महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय को मजबूत करती है। अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र ने इसके प्रमुख प्रावधानों और जनपद स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम में समान नागरिक संहिता की विकास यात्रा पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई और जन-जागरूकता के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। इस अवसर पर दो निबंधक, दो उप-निबंधक सहित 78 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

# इयरफोन लगाकर लापरवाही बरतना कई बार जानलेवा साबित हो रहा


हल्द्वानी न्यूज संवाददाता. मोबाइल में इयरफोन लगाकर लापरवाही बरतना कई बार जानलेवा साबित हो रहा है। ऐसा ही एक हृदयविदारक मामला हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र से सामने आया है, जहां रेलवे ट्रैक पर इयरफोन लगाकर बैठे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, हाथीखाल निवासी 25 वर्षीय विकास रविवार देर शाम बाइक लेकर घर से निकला था। वह तीन पानी फ्लाईओवर के पास सड़क किनारे बाइक खड़ी कर रेलवे ट्रैक पर जाकर बैठ गया और कानों में इयरफोन लगाकर गाने सुनने लगा। इसी दौरान रात करीब 9 बजे हल्द्वानी से दिल्ली जा रही तेज रफ्तार ट्रेन वहां से गुजरी।इयरफोन लगे होने के कारण युवक को ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी और वह उसकी चपेट में आ गया। हादसा इतना भयावह था कि युवक का सिर धड़ से अलग हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर हल्द्वानी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि विकास सात भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था।परिजनों के अनुसार, विकास का करीब ढाई महीने पहले बाइक से एक्सीडेंट हुआ था, हालांकि वह अब सामान्य रूप से चलने-फिरने लगा था। हल्द्वानी कोतवाली प्रभारी विजय मेहता ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि रेलवे ट्रैक जैसे खतरनाक स्थानों पर लापरवाही और इयरफोन का उपयोग जानलेवा साबित हो सकता है।



हिन्दी दैनिक जोखिम

# 77 वां गणतंत्र दिवस ( 26 जनवरी ) नैनीताल जिले में धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया

राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ ही जिले के विभिन्न स्थानों में प्रभात फेरी निकाली गई, देश के वीर बलिदानियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई



नैनीताल/हल्द्वानी संवाददाता. 77 वां गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी जिले में धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ ही अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रात: जिले के विभिन्न स्थानों में प्रभात फेरी निकाली गई व देशभक्ति नारे लगाने के साथ ही गीत गाए गए। इस अवसर पर देश के वीर बलिदानियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों,संस्थानों आदि में प्रात: 9:30 पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, साथ ही संविधान के प्रति निष्ठा, एकता और अखंडता बनाए रखने की सपथ ली गई। नैनीताल जिला मुख्यालय में कुमाऊँ कमिश्नरी में आयुक्त कुमाऊँ व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के संविधान ने हमें अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का बोध कराया है। अनुशासन, समयबद्धता, नागरिकों के प्रति सम्मान और नैतिक आचरण हमारी पहचान बने इस हेतु प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही व बेहतर आचरण के साथ कार्य करें। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने नैनीताल कलक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। साथ ही सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा, एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई।अपने संबोधन में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र, संविधानिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमें अपने कर्तव्यों का सही निर्वहन कर प्रत्येक व्यक्ति के साथ समान व्यवहार करते हुए कार्यों का संपादन करें। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराया है, जिनका ईमानदारी से पालन करना प्रत्येक नागरिक और विशेष रूप से लोक सेवकों की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ करें तथा संविधान की भावना के अनुरूप नैनीताल जिले की प्रगति में अपना सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विवेक राय, शैलेन्द्र सिंह नेगी, उपजिलाधिकारी नवाजिश खालिक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

नैनीताल पुलिस लाईन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजू नाथ टी सी द्वारा विकास भवन भीमताल में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों में कार्यालयाध्यक्ष द्वारा व तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा मिष्ठान्न वितरित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नैनीताल के मल्लीताल स्थित फ्लैट में एक भव्य पुलिस परेड एवं झांकी के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा पुलिस परेड की सलामी ली व उसका निरीक्षण किया। कुमाऊं आयुक्त ने उपस्थित जन समुदाय को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा कि हमें जिम्मेदार अभिभावक बनना चाहिए और गणतंत्र दिवस जैसे अवसरों पर अपने बच्चों को संविधान, उसके मूल्यों और अधिकारों के बारे में जानकारी देनी चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक और प्रोत्साहित करना बहुत जरूरी है, क्योंकि स्वस्थ और फिट रहने का इससे बेहतर कोई मंत्र नहीं हो सकता।उन्होंने कहा कि कुमाऊँ में सरकारी विभागों द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।साथ ही उन्होंने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाएँ आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुँचाई जानी चाहिए, ताकि उनका सही लाभ लोगों को मिल सके।

इस अवसर पर गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा कि जनपद नैनीताल की सांस्कृतिक विरासत समृद्ध रही है प्राकृतिक धरोहर और जागरूक नागरिकों की सहभागिता जनपद की सबसे बड़ी शक्ति है इस पावन अवसर पर लोकतांत्रिक मूल्यों राष्ट्रीय एकता, अखंडता और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति हम संकल्प लें और अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए राष्ट्र की सेवा करें। उन्होंने पुलिस बल, सशस्त्र बलों को नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए जिस समर्पण भाव से कार्य किया जा रहा है।

### राज्य स्तरीय सिविल सर्विसेज बैडमिंटन ट्रायल में डी के जोशी का राष्ट्रीय टीम में चयन

अल्मोड़ा संवाददाता. सिविल सर्विसेज बैडमिंटन के राज्य स्तरीय ट्रायल शुक्रवार को देहरादून स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, परेड ग्राउंड में हुए। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अल्मोड़ा( आरएनएस)। के खिलाड़ी डी के जोशी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए राज्य बैडमिंटन टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। ट्रायल मुकाबलों में डी के जोशी ने प्री-क्वार्टर फाइनल में पौड़ी के डी साह को पराजित किया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में पिथौरागढ़ के जयंत भट्ट को हराया और फाइनल मुकाबले में पिथौरागढ़ के ही मनोज वर्मा को 21ख्18 और 21ख्17 के सीधे सेटों में शिकस्त देकर विजेता बने। राज्य टीम अब राष्ट्रीय स्तर की ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी, जिसका आयोजन गोवा में 15 फरवरी से 21 फरवरी तक प्रस्तावित है। डी के जोशी लगातार छठी बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। डी के जोशी वर्तमान में जिला बैडमिंटन संघ अल्मोड़ा( आरएनएस)। के मीडिया प्रभारी हैं। इसके साथ ही वे उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन के संगठन मंत्री तथा डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन अल्मोड़ा( आरएनएस)। के जनपद अध्यक्ष के दायित्व का भी निर्वहन कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विधायक मनोज तिवारी, उत्तरांचल बैडमिंटन संघ के महासचिव बी एस मनकोटी, कोषाध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, जिला बैडमिंटन संघ अल्मोड़ा( आरएनएस)। के अध्यक्ष सुरेश कर्नाटक,उप क्रीड़ा अधिकारी अरुण बंगयाल और बैडमिंटन प्रशिक्षक जीवन बोरा समेत अनेक खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

## कोट्यूड़ा वन पंचायत की बैठक में वनाग्नि नियंत्रण और वन्यजीव संघर्ष पर मंथन

अल्मोड़ा संवाददाता. वन पंचायत कोट्यूड़ा की आम बैठक सरपंच महेंद्र सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वनाग्नि की घटनाओं के कारणों, उनके नियंत्रण के उपायों और जंगली जानवरों से जान-माल की सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे वनाग्नि नियंत्रण में सक्रिय सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना समय पर दें। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यदि कोई व्यक्ति जंगल में आग लगाते हुए पकड़ा जाता है, तो उसके विरुद्ध वन पंचायत की ओर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सिजनल फायरवाचरों की नियुक्ति के मामले में वन पंचायत को विश्वास में लेने की मांग वन विभाग से की गई। ग्रामीणों ने बंदरों की बढ़ती समस्या और तेंदुओं के आतंक पर भी चिंता जताई। इस संबंध में गांव में पिंजरा लगाए जाने की मांग रखी गई, ताकि लोगों को वन्यजीवों के खतरे से राहत मिल सके। वन दरोगा हरेंद्र सिंह सतवाल ने वनाग्नि नियंत्रण और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। वहीं लोक प्रबंध विकास संस्था के अशोक भोज ने वन पंचायत नियमावली में वर्ष 2024 में किए गए संशोधनों के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। बैठक में ग्राम प्रधान अंजू देवी, हर सिंह बिष्ट, मनोज कुमार, तारा देवी, नेमा देवी, वन बीट अधिकारी रोशन लाल, कंचन कुमार भोला सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि को होने वाले मेले के तैयारियों को लेकर आधिकारियो की ली बैठक

### विधायक कैड़ा ने छोटे कैलाश मंदिर मै महाशिवरात्रि को होने वाले मेले के तैयारियों को लेकर आधिकारियो की ली बैठक अधिकारियो को दिये व्यवस्थाओ को दुरस्त करने के निर्देश

भीमताल संवाददाता. विधायक राम सिंह कैड़ा ने 15फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर छोटे कैलाश मदिर मै होने वाले मेले की तैयारियो को लेकर काठगोदाम सर्किट हॉउस मै जिले के अधिकारियो की बैठक ली!विधायक कैड़ा ने कहा छोटे कैलाश मंदिर मै महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जाता है छोटा कैलाश मंदिर मै दूर दूर से लाखो शिव भक्त पूजा अर्जना करने आते है विधायक कैड़ा ने चूक विभाग के अधिकारियो को चारो तरफ से आने वाले मोटर मार्गो की सही करने के कड़े निर्देश दिये! विधायक ने पुलिस प्रशांसन से सुरक्षा व्यवस्था मै नजर रखने को कहा, अन्य पेयजल, विधुत व्यवस्थाओ



को दुरस्त करने को कहा! विधायक कैड़ा ने सभी जनप्रतिनिधियों से मेले को सफल बनाने मै अपना सहयोग करने की अपील की! विधायक कैड़ा ने गैर हाजिर रहे अधिकारियो के प्रति नाराजगी व्यक्त की और सभी अधिकारियो को 13 फरवरी तक सारी व्यवस्था दुरस्त करने के निर्देश दिये! जिससे भक्तो को किसी भी प्रकार की परेशानियो का सामना ना करना पड़े!बैठक मै जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल,ब्लॉक प्रमुख हरीश बिष्ट अनिल चनोतिया, कमलेश भट्ट, संतोष शर्मा, पंकज महरा, का शर्मा,तिलोचन पलडीया, उमेश शर्मा, मंदिर समिति के अध्यक्ष व पदाधिकारी, सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे!

## लालकुआँ -मोटाहल्दू गणतंत्र दिवस पर पूर्ण बन्दी के दौरान आबकारी विभाग का सखत प्रहार, अवैध शराब कारोबार पर दो बड़ी कार्रवाइयाँ रंगे हाथ गिरफ्तार

हल्द्वानी। संवाददाता. को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आबकारी विभाग, हल्द्वानी द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात क्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त आबकारी अनुज्ञापनों की पूर्ण बन्दी सुनिश्चित करने हेतु सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान रेलवे रोड, शमा होटल के निकट अभियुक्त कृष पुत्र पप्पू, निवासी टनकपुर रोड, वार्ड संख्या-4, राजपुरा को अवैध शराब बिक्री करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से देशी एवं विदेशी शराब के कुल 119 पव्वे बरामद किए गए। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा-60 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की गई।इसी क्रम में रात्रि के समय मुखबिर खास की सूचना पर तिकोनिया क्षेत्र में विदेशी मदिरा दुकान के निकट एक अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध शराब बिक्री की सूचना प्राप्त हुई। त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अमन आर्या पुत्र गणेश राम, निवासी हिम्मतपुर, मोटाहल्दू, अर्जुनपुर (लालकुआँ) को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से दो कट्टों में 62 पव्वे देशी एवं विदेशी शराब बरामद की गई। उक्त



अभियुक्त के विरुद्ध भी आबकारी अधिनियम की धारा-60 के अंतर्गत कार्यवाही की गई।दोनों मामलों में आबकारी विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए यह स्पष्ट किया गया कि अवैध मदिरा बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।कार्रवाई टीम में शामिल अधिकारी/कर्मचारीधीरेन्द्र सिंह बिष्ट ख् आबकारी निरीक्षक, हल्द्वानीकैलाश चन्द्र जोशी ख् उप-आबकारी निरीक्षक, हल्द्वानीचन्द्रशेखर काण्डपाल प्रधान आबकारी सिपाही राहुल सिंह भोज ख् आबकारी सिपाहीअन्य कर्मचारी

## सीओ अल्मोड़ा ने किया पुलिस लाइन का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

अल्मोड़ा संवाददाता. पुलिस उपाधीक्षक अल्मोड़ा( आरएनएस)। गोपाल दत्त जोशी ने मंगलवार को पुलिस लाइन का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत क्वार्टर गार्ड से की गई, जहां तैनात जवानों की परेड और अनुशासन का अवलोकन किया गया। इस दौरान जवानों से शस्त्र संचालन की जानकारी ली गई और हथियारों को खोलने व जोड़ने के अभ्यास कराए गए। शस्त्रागार में राजकीय संपत्ति सूची के अनुसार उपलब्ध सभी हथियारों और गोलाबारूद का भी निरीक्षण किया गया। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक ने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण किया। इस दौरान जीडी और गणना कार्यालय, कैश कार्यालय, यातायात कार्यालय, मनोरंजन कक्ष, परिवहन शाखा, उपलब्ध वाहनों, स्टोर प्रथम और द्वितीय, व्यायामशाला, भोजनालय, राशन शॉप, सीपीसी कैंटीन, कर्मचारी बैरक और पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। संबंधित शाखा प्रभारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक को जवानों की ड्यूटियां नियमानुसार और क्रमबद्ध रूप से लगाए जाने के निर्देश दिए गए।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# स्प्लिट्सविला के सेट पर बड़े हुए मेरे तीनों बच्चे : सनी लियोनी

सिनेमा जगत में कई सितारे अपने बच्चों को काम के करीब रखते हैं ताकि वे अपने माता-पिता की दुनिया को समझ सकें और जीवन के अनुभवों को जल्दी सीख सकें। सनी लियोनी भी यही तरीका आजमाती हैं। उन्होंने खुलासा किया कि उनके तीनों बच्चे स्प्लिट्सविला के सेट पर बड़े हुए हैं और उनके लिए यह अनुभव काफी सीखने वाला रहा है। सनी लियोनी ने कहा, मेरे बच्चे शुरू से ही स्प्लिट्सविला के सेट पर आते रहे हैं। बच्चों ने इस शो के सेट पर लगभग सात साल बिताए हैं। उन्होंने शो के काम और शूटिंग की प्रक्रिया को नजदीक से देखा है। पूरी टीम मेरे बच्चों को जानती है। सनी ने कहा, मेरे बच्चों के लिए यह अनुभव बहुत खास रहा है। मेरे पास कई तस्वीरें हैं, जिनमें बच्चे सेट पर स्विमिंग पूल में खेल रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि बच्चों के शो देखने में कोई गलत बात है। बच्चों ने छोटी-छोटी बातें नोट की, जैसे किसी ने नियम क्यों तोड़े, या किसी ने धोखा क्यों दिया। वे समझ गए हैं कि गेम में लोग जीतने के लिए ऐसा करते हैं।सनी ने आगे कहा, पहले बच्चों को शो की चीजें समझ में नहीं आती थीं, फिर मैं उन्हें सरल शब्दों में समझाती थी। बच्चों ने धीरे-धीरे सीखना शुरू किया और अब वे शो के चैलेंज को देखकर मजा लेते हैं और टास्क को समझने की कोशिश करते हैं। वे पूरा शो नहीं देखते, बल्कि केवल कुछ चुनिंदा हिस्से ही देख पाते हैं। देर रात होने वाली शूटिंग में वे सोने चले जाते हैं।सनी लियोनी और डेनियल वेबर ने 2011 में शादी की थी। कपल के तीन बच्चे हैं: बेटी निशा कौर वेबर, जिसे 2017 में गोद लिया गया था, और जुड़वां बेटे नूह और अशर, जो 2018 में सरोगेसी के जरिए पैदा हुए थे।



### तेरे इश्क में ओटीटी पर तहलका मचाने के लिए तैयार, 23 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

धनुष और कृति सैनन की रोमांटिक-एक्शन फिल्म तेरे इश्क में अपने डिजिटल डेब्यू के लिए तैयार है। निर्माताओं ने आधिकारिक पोस्ट के जरिए फिल्म की रिलीज तारीख और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म का खुलासा कर दिया है। धनुष के साथ रांझणा और अतरंगी रे जैसी फिल्में बना चुके आनंद एल राय ने तेरे इश्क में का निर्देशन किया है। यह फिल्म नवंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब ओटीटी पर तहलका मचाने के लिए तैयार है।सिनेमाघरों में मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल करके और ठीक-ठाक प्रदर्शन करने के बाद, तेरे इश्क में 23 जनवरी, 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होना शुरू हो जाएगी।

## वेंकटेश और त्रिविक्रम की फिल्म आदर्श कुटुंबम की रिलीज डेट आगे बढ़ी

विक्ट्री वेंकटेश, हरिका हसीन प्रोडक्शंस के बैनर तले बनने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्म आदर्श कुटुंबम इन्टू नंबर 47 के लिए डायरेक्टर त्रिविक्रम के साथ काम कर रहे हैं। हिट फिल्म संक्रांति की वस्थुन्नम के बाद फैंस इस पावरफुल जोड़ी से और भी ज्यादा उम्मीदें लगाए बैठे हैं। त्रिविक्रम, जिन्होंने वेंकटेश की पिछली हिट फिल्में नुव्वु नाकु नच्चाव और मल्लेश्वरी की स्क्रिप्ट लिखी थी, इस प्रोजेक्ट को बड़ी उम्मीदों के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।शूटिंग हाल ही में शुरू हुई है, जिसका मकसद शुरू में 2026 की गर्मियों में रिलीज करना था। लेकिन इंडस्ट्री में चल रही खबरों के मुताबिक, इसमें बदलाव हो सकता है और दशहरा 2026 की रिलीज ज्यादा बेहतर हो सकती है, जिससे फेस्टिव फैमिली ऑडियंस को टारगेट किया जा सके। प्रभास की फौजी भी 2026 के आखिर में रिलीज होने वाली है, इसलिए ट्रेड सूत्रों का मानना है कि आदर्श कुटुंबम के लिए दशहरा एक सुरक्षित दांव हो सकता है।केजीएफ एक्ट्रेस श्रीनिधि शेट्टी, वेंकटेश के साथ जोड़ी बना रही हैं, और हिट 3 और तेलुसु कदा जैसी अपनी तेलुगु फिल्मों से एक्साइटमेंट बढ़ा रही हैं। आदर्श कुटुंबम के बाद, वेंकटेश शायद एक यंग लीड के साथ किसी प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं, जबकि त्रिविक्रम संक्रांति की वास्थुन्नम से भी बड़ी हिट का लक्ष्य बना रहे हैं।त्रिविक्रम का अगला बड़ा प्लान, एनटीआर के साथ एक माइथोलॉजी फिल्म, शायद अभी पीछे चला जाए क्योंकि एनटीआर नील के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं।

## अजय देवगन ने दिखाई एआई निर्मित बाल तन्हाजी की पहली झलक, नई तरह से देखने को मिलेगी कहानी

अजय देवगन साल 2020 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म ‘तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर’ की कहानी एक बार फिर लेकर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार ये कहानी एक नए अंदाज में पेश की जाएगी। क्योंकि अजय देवगन और निर्माता दानिश देवगन ने अपने लेंस वॉल्ट स्टूडियोज (एलवीएस) के तहत आई निर्मित फिल्म ‘बाल तन्हाजी’ की घोषणा की है।2020 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म ‘तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर’ की ही दुनिया पर आधारित ‘बाल तन्हाजी’ इस फिल्म की दुनिया को अनछुए पहलुओं की ओर ले जाएगी। यह एक एआई फिल्म होगी। यह कहानी को एक ऐसी पीढ़ी के लिए नए सिरे से प्रस्तुत करेगी, जो सिनेमाघरों से परे कहानियों में रुचि रखती है।इस मौके पर अजय देवगन ने कहा कि यह फिल्म स्टूडियो के भविष्य के लिए तैयार प्रोजेक्ट्स के निर्माण की दिशा में पहली शुरुआत है। लेंस वॉल्ट स्टूडियो की स्थापना कहानी कहने की पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए की गई थी। हमारा ध्यान उन फॉर्मेट और मीडियम पर है, जो अभी तक काफी हद तक अनछुए हैं। बाल तन्हाजी भविष्य के लिए तैयार कंटेंट निर्माण की इस यात्रा की शुरुआत है।साल 2020 में रिलीज हुई फिल्म ‘तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर’ का निर्देशन ओम राउत ने किया है। जबकि फिल्म को अजय देवगन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 17वीं सदी के मराठा योद्धा सूबेदार तानाजी मालुसरे की कहानी पर आधारित है। फिल्म में काजोल ने तान्हाजी की पत्नी सावित्रीबाई की भूमिका निभाई है। जबकि सैफ अली खान फिल्म में निगेटिव किरदार में नजर आए हैं। उन्होंने महाराजा उदयभान सिंह राठौर की भूमिका निभाई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।



# तस्करी में प्रिया बनकर छाईं जोया अफरोज, कहा- इस किरदार के लिए किया हजारों किलोमीटर का सफर

बॉलीवुड और ओटीटी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे होते हैं, जिनका सफर सिर्फ कामयाबी की कहानी नहीं होता, बल्कि धैर्य, सीख और लगातार आगे बढ़ने की मिसाल भी होता है। अभिनेत्री जोया अफरोज उन्हीं में से एक हैं। बतौर बाल कलाकार फिल्मों के सेट पर कदम रखने वाली जोया आज नेटफ्लिक्स की चर्चित सीरीज तस्करी में प्रिया के मजबूत और जटिल किरदार के लिए सराहना बटोर रही हैं। तस्करी को न सिर्फ देश में, बल्कि ग्लोबल लेवल पर भी पहचान मिल रही है और यह जोया के करियर का एक अहम पड़ाव बन चुका है। जोया अफरोज ने कहा, मैंने अपने करियर की शुरुआत बहुत कम उम्र में की थी। सूरज बड़जात्या की फिल्म हम साथ-साथ हैं के सेट पर काम शुरू किया और इसके बाद रमेश सिप्पी, रोहन सिप्पी जैसे दिग्गज निर्देशकों के साथ भी काम किया।जोया ने बताया कि फिल्म कुछ ना कहो समेत कई प्रोजेक्ट्स में नजर आने के बाद उन्होंने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट और मॉडल खूब अनुभव हासिल किया। इसके बाद मिस इंडिया बनने और मिस इंटरनेशनल में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला, लेकिन अभिनय हमेशा पहली पसंद रहा।जोया ने कहा, इतनी छोटी उम्र में काम शुरू करने का फायदा यह रहा कि मुझे इंडस्ट्री को बहुत करीब से समझने का मौका मिला। बड़े निर्देशकों और कलाकारों के साथ काम करके मैंने अभिनय की बारीकियां सीखीं। सफर भले ही लंबा रहा हो, लेकिन बेहद संतोषजनक रहा है। आज तस्करी जैसी ओटीटी सीरीज का हिस्सा बनना और उसका नंबर वन होना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है।तस्करी में जोया ने प्रिया का किरदार निभाया है, जो एक एयर होस्टेस है और कस्टम अधिकारियों और तस्करों की दुनिया के बीच फंसी हुई है। यह किरदार चुनौतीपूर्ण है। जोया ने कहा, यह रोल मुझे इसलिए खास लगा, क्योंकि निर्देशक नीरज पांडे महिला किरदारों को बेहद मजबूती और गहराई के साथ लिखते हैं। प्रिया कोई साधारण महिला पात्र नहीं है, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाने वाली अहम कड़ी है।इस प्रोजेक्ट के साथ जुड़ने का अनुभव साझा करते हुए जोया ने कहा, जब मुझे तस्करी का ऑफर मिला, तब मैं असम में अपने ननिहाल में थी। अचानक कॉल आया। मैंने बिना किसी गारंटी के तुरंत बैग पैक किया और हजारों किलोमीटर का सफर तय कर ऑडिशन के लिए पहुंचीं। उसी दिन मेरा लुक टेस्ट हुआ और मुझे फाइनल कर लिया गया। अगले ही दिन वर्कशॉप और फिर शूटिंग शुरू हो गई। नीरज पांडे जैसे नेशनल अवॉर्ड विजेता निर्देशक का ऐसा भरोसा मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक अनुभव रहा।उनके लिए सीरीज का सबसे चुनौतीपूर्ण सीन इमरान हाशमी के साथ इंटेरोगेशन का था, जो उनका पहला शूटिंग सीन भी था। उन्होंने कहा, पहली ही सुबह, पहला शॉट और इतना इमोशनल सीन था कि मैं काफी नर्वस हो गई थी, लेकिन आज वही सीन दर्शकों को सबसे ज्यादा पसंद आ रहा है।इमरान हाशमी के साथ काम करने के अनुभव पर जोया ने कहा, वह बेहद सहज, समझदार और जमीन से जुड़े अभिनेता हैं। सेट पर उनकी मौजूदगी सीन को और बेहतर बना देती है। नीरज पांडे और इमरान हाशमी की जोड़ी बेहद रियल है। दोनों ही कहानी और किरदारों में सच्चाई लाते हैं।अपने करियर को लेकर जोया ने कहा, मैं खुद को कभी अलग-अलग रास्तों में नहीं बांधती। मेरे लिए अभिनय, मिस इंडिया और फिर अभिनय में वापसी, सब एक ही सफर का हिस्सा है।



# गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने लोक भवन एवं परेड ग्राउंड में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**- परेड ग्राउंड में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस एवं विभिन्न अधिकारियों को किया सम्मानित।**

**- परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में सूचना विभाग की झांकी को प्रथम, संस्कृत शिक्षा विभाग को द्वितीय तथा विद्यालयी शिक्षा विभाग की झांकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।**

**- परेड करने वाली टुकड़ियों में प्रथम स्थान पर सीआरपीएफ, द्वितीय स्थान पर आईटीबीपी और तृतीय स्थान पर 14वीं डोगरा रेजीमेंट रहीं।**



देहरादून संवाददाता. गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों को पदक अलंकरण कर सम्मानित किया गया साथ विभिन्न अधिकारियों को भी उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया।परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान सूचना विभाग द्वारा ''उत्तराखण्ड रजत जयंती और शीतकालीन धार्मिक यात्रा व पर्यटन'' पर आधारित झांकी के अलावा महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पर्यटन विभाग, उद्यान विभाग, विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण(उरेडा), वन विभाग, उद्योग विभाग एवं संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं तथा नीतियों पर आधारित मनमोहक झाँकियों का भी प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में सूचना विभाग की झांकी को प्रथम, संस्कृत शिक्षा विभाग को द्वितीय तथा विद्यालयी शिक्षा विभाग की झांकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जिन्हें राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।समारोह में सेना 14वीं डोगरा रेजीमेंट आर्मी, सी०आर०पी०एफ०, आई०टी०बी०पी०, हिमाचल पुलिस, 40वीं वाहिनी पीएसी, 40वीं वाहिनी महिला दल, उत्तराखण्ड होमगार्ड्स, प्रान्तीय रक्षक दल, एन०सी०सी बॉयज, एन०सी०सी गर्ल्स, अश्व दल, पुलिस संचार, अग्निशमन, सी०पी०यू० ने भव्य परेड में प्रतिभाग किया। परेड करने वाली टुकड़ियों में प्रथम स्थान पर सीआरपीएफ, द्वितीय स्थान पर आईटीबीपी और तृतीय स्थान पर 14वीं डोगरा रेजीमेंट आर्मी रहीं, जिन्हें राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में राज्य के लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक लोक नृत्य का मनमोहक प्रदर्शन किया, जिसमें राज्य की समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिली। विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा छोलिया नृत्य, गढ़वाली नृत्य, पाइप बैंड आदि का मनमोहक प्रदर्शन किया गया, जिसका उपस्थित लोगों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकतंत्र सेनानियों, शहीद राज्य आंदोलनकारियों के परिजनों और राज्य आंदोलनकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया।परेड ग्राउंड में आयोजित इस समारोह में पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी गीता धामी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, सांसद नरेश बंसल, सांसद महेन्द्र भट्ट, विधायक खजान दास, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, एसएसपी अजय सिंह सहित पुलिस तथा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि गण एवं जनसामान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## डीजीपी प्रशस्ति डिस्क से 11 पुलिसकर्मी सम्मानित

हरिद्वार संवाददाता. गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों से लेकर फील्ड में ड्यूटी निभाने वाले आरक्षियों सहित 11 पुलिसकर्मियों को नवाजा गया। उनकी सेवा, विशिष्ट कार्यों और आपदा के दौरान सराहनीय योगदान के लिए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशस्ति डिस्क से सम्मानित किया गया। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने सभी पुलिसकर्मियों को बधाई दी है। पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क गोल्ड से सीओ सुरेंद्र प्रसाद बलूनी, प्रशस्ति डिस्क सिल्वर से मुख्य आरक्षी पूर्ण सिंह रावत को सम्मान प्रदान दिया गया। विशिष्ट कार्यों के लिए पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क सिल्वर से एएसपी जितेंद्र चौधरी, एएसपी निशा यादव, एसपी सिटी अभय कुमार, निरीक्षक शांति कुमार, आरक्षी दीप गौड़, आरक्षी राहुल आर्य और आरक्षी ललित मोहन बिष्ट को सम्मानित किया गया। हर्षिल और थराली में आई प्राकृतिक आपदा के समय साहसिक और सराहनीय कार्य करने पर अपर पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार और इंस्पेक्टर प्रदीप बिष्ट को पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क सिल्वर से नवाजा गया। वहीं, डॉ. नरेश चौधरी को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने कहा कि यह सम्मान कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर जवानों तक सभी को एक मंच पर सम्मानित किया जाना पुलिस बल की एकजुटता और मजबूत कार्यसंस्कृति को दर्शाता है।

## स्टेडियम में 30 से शुरू होगी राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता

हरिद्वार संवाददाता.खेल विभाग की ओर से राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से दो फरवरी के बीच रोशनाबाद स्थित वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम में किया जा रहा है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिला क्रीडाधिकारी शबाली गुरुंग ने सूचना जारी कर ट्रायल में इच्छुक खिलाड़ियों को शामिल होने का आह्वान किया है। अण्डर-18 बालिका वर्ग की राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम में कल से शुरू होगी। इसके लिए बुधवार को टीम के चयन के लिए ट्रायल शुरू होगा। जिला क्रीड़ाधिकारी शबाली गुरुंग ने बताया कि ट्रायल अपराह्न 3:00 बजे से शुरू किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी अपने दस्तावेजों की छायाप्रति आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, स्थायी निवास प्रमाणपत्र और 2-नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ हॉकी स्टेडियम में दोपहर 02:30 बजे तक आना सुनिश्चित करेंगे।

## हरकी पैड़ी से पार्किंग स्थलों तक चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

हरिद्वार संवाददाता. सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस ने हरकी पैड़ी से लेकर प्रमुख पार्किंग स्थलों तक जागरूकता अभियान चलाया। भीड़भाड़ वाले घाटों, मार्गों और पार्किंग क्षेत्रों में लाउडस्पीकर के माध्यम से यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार कर आमजन को जागरूक किया गया। हरकी पैड़ी, सुभाष घाट, भीमगोडा बैरियर, सीसीआर मार्ग, पंतद्वीप पार्किंग के प्रवेश एवं निकासी द्वार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्किंग और रोड़ी बेलवाला पार्किंग तक लाउडस्पीकर के जरिये जागरूक किया। पुलिस कर्मियों ने श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट लगाने, लेन ड्राइविंग अपनाने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने के लिए प्रेरित किया। यातायात निरीक्षक हितेश कुमार ने कहा कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए जनजागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। इसी उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लगातार ऐसे अभियान चलाए जा रहे हैं।

## राज्यपाल ने लोक भवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोक भवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। मीडिया से वार्ता करते हुए राज्यपाल ने भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित सभी संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए लोकतंत्र की सुदृढ़ नींव रखने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने देश की स्वतंत्रता हेतु बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों, वीर शहीदों तथा सीमाओं एवं तटों पर तैनात सशस्त्र बलों के जवानों को नमन किया।राज्यपाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत 2047', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विश्व गुरु भारत' के संकल्प को साकार करने में सभी नागरिकों की सहभागिता पर बल दिया।राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं आधुनिक तकनीकों का सकारात्मक उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक है। उन्होंने उत्तराखण्ड की नारी शक्ति और युवाओं द्वारा नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।राज्यपाल ने 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना के साथ एकता और अखंडता बनाए रखने का आह्वान करते हुए सभी प्रदेशवासियों को देश की प्रगति में सक्रिय योगदान देने की अपील की।गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिन अधिकारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया विवरण निम्नवत है:-

**1-डॉ. नीरज सिंघल, निदेशक पशुपालन विभाग उत्तराखण्ड।**

**2- मस्तू दास, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड।**

**3- अरुण कुमार सिंह, अनुभाग अधिकारी सचिवालय उत्तराखण्ड।**

**4- राकेश सिंह असवाल, समीक्षा अधिकारी सचिवालय उत्तराखण्ड।**

**गणतंत्र दिवस-2026 के अवसर पर घोषित राज्यपाल उत्कृष्ट सेवा पदक से राज्य पुलिस बल के अधिकारियों/कर्मचारियों को पदक अलंकरण किया गया-**

**1- यशपाल सिंह, निरीक्षक नागरिक पुलिस एसटीएफ देहरादून( आरएनएस )।**

**2- नरोत्तम बिष्ट, उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एसटीएफ देहरादून( आरएनएस )।**

**3- देवेन्द्र कुमार, आरक्षी 21 नागरिक पुलिस एसटीएफ देहरादून( आरएनएस )।**

**4- भूपेन्द्र सिंह मर्तोलिया, मुख्य आरक्षी एसटीएफ कुमाऊँ।**

**5- सुनील कुमार, अपर उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस पौड़ी गढ़वाल।**

**6- सुनील रावत, मुख्य आरक्षी 114 नागरिक पुलिस, जनपद देहरादून( आरएनएस )।**

## बस अड्डे से बैटरी चोरी में ड्राइवर गिरफ्तार

ऋषिकेश संवाददाता. यात्रा बस अड्डे पर नगर निगम की पार्किंग से एक युवक ने लोडर वाहन की बैटरी चोरी कर ली। वाहन मालिक ने इसकी शिकायत पुलिस से की। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बैटरी बरामद कर ली है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने मंगलवार को उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। कोतवाल कैलाश चंद्र भट्ट के मुताबिक सुख मनप्रीत निवासी चंद्रेश्वरनगर, ऋषिकेश ने शिकायत दी। बताया कि 25 जनवरी को उनका लोडर वाहन यात्रा बस अड्डे पर नगर निगम की पार्किंग में खड़ा था।

## युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समां

ऋषिकेश संवाददाता. पर्यावरण संरक्षण एवं जीरो वेस्ट थीम पर सात दिवसीय क्रेजी पर्यटन एवं विकास मेला 2026 धूमधाम से मनाया जा रहा है। मेले में लोक गायक अपने गीतों से समां बांधे हुए हैं। विद्यालयों की एकल, समूह नृत्य, ओपन रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मंगलवार को ढालवाला आरएमआई ग्राउंड में आयोजित क्रेजी पर्यटन एवं विकास मेले के चौथे दिन का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष शीशपाल सजवाण, नगर पंचायत अध्यक्ष स्वर्गाश्रम बिंदिया अग्रवाल, मुनिकीरेती नगर पालिका अध्यक्ष नीलम बिजल्वाण ने किया। मेले में दिनभर विद्यालयी छात्र-छात्राओं व ओपन प्रतिभागियों की नृत्य प्रतियोगिताएं व मेहंदी प्रतियोगिता हुई। इसमें स्थानीय स्कूलों के बच्चों व युवाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। शाम को लोक गायक विनोद सती, अन्नू रावत, अमन खरोला, धनराज शौर्य और सोनम ने अपने गीतों से समां बांधा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य हुकुम सिंह भंडारी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गजेंद्र राणा, पूर्व दायित्वधारी रमेश उनियाल, समाजसेवी अशोक क्रेजी, पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवमूर्ति कंडवाल, समाजसेवी रामावल्लभ भट्ट, कांग्रेसी दिनेश व्यास, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गजा मीना खाती, समाजसेवी गजेंद्र खाती, रामकृष्ण पोखरियाल, नितिन सती और कमल चौहान आदि उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक संजीव पंत द्वारा जेल रोड, हल्द्वानी, नैनीताल उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन जेल रोड, हल्द्वानी नैनीताल से मुद्रित। सम्पादक - राजेश पंत
फोन नं0- 05946-254443 प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/36647 email: jokhimhaldwani2013@gmail.com
ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़ने के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com